तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 1 मार्च 2026

5 राधा-कृष्ण मंदिर के स्वागत द्वार का हुआ भूमिपूजन



6 डीजे ने किशोर न्याय बोर्ड और बालिका गृह का किया निरीक्षण








## खबर संक्षेप

### घायल की मौत के बाद मर्ग कायम

**कांकेर**। थाना कांकेर अंतर्गत पटेलपारा मनकेशरी निवासी 57 वर्षीय पवन कुमार पटेल पिता स्व. नारद पटेल का इलाज के दौरान 2 फरवरी को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, जांच शुरू

**पखांजुर**। नगर पखांजुर के वार्ड क्रमांक 13 रामकृष्णपल्ली से में बीती रात एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गौरव हालदार पिता मनोज हालदार के रूप में हुई है। थाना पखांजुर प्रभारी लक्ष्मण केवट ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत के असली कारणों का पता लगाने के लिए मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### कांकेर जिले में बचे 22 नक्सलियों को समर्पण करने की दी जा रही समझाइश


# आत्मसमर्पित मासे बारसा ने रूपी व जानकी को मुख्यधारा में लौटने लिखी भावुक चिट्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

नक्सल उन्मूलन अभियान के बीच एक मार्मिक पहल सामने आई है। हाल ही में आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा से जुड़ी मासे बारसा ने अपने पूर्व साथियों कॉमरेड रूपी और दीदी जानकी के नाम एक भावुक पत्र लिखकर उन्हें भी आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील की है। पत्र में मासे बारसा ने जंगल के जीवन की कठिनाइयों, बदलते हालात और परिवार के साथ सुरक्षित भविष्य की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए जल्द से जल्द वापस आने का आग्रह किया है।

■ आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली भी अपने साथियों को शेयर कर रहे अनुभव

मासे बारसा ने अपने पत्र की शुरुआत "प्रिय कॉमरेड रूपी और दीदी जानकी, लाल सलाम! से करते हुए लिखा है कि वह उम्मीद करती हैं कि दोनों सुरक्षित होंगे, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में जंगल में अपनी मर्जी से जीवन जीना अब संभव नहीं रह गया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि फालतू में जान गंवाने से कोई फायदा नहीं है और अब परिस्थितियाँ पहले जैसी नहीं रहीं। पत्र में मासे बारसा ने यह भी उल्लेख किया है कि वर्तमान समय में संगठन के लिए जंगल में टिके रहना कठिन हो गया है। उन्होंने अपने साथियों से अपील की है कि वे पुराने विचारों को त्यागकर मुख्यधारा से जुड़ें और आत्मसमर्पण की प्रक्रिया के लिए गंभीर प्रयास करें। उनके अनुसार आत्मसमर्पण कर परिवार के साथ शांतिपूर्ण और सम्मानजनक जीवन बिताया जा सकता है। मासे बारसा ने लिखा है कि उनका पत्र लिखने का मुख्य उद्देश्य यही है कि रूपी और जानकी जल्द से जल्द आत्मसमर्पण ▶▶ शेष पेज 04 पर



#### नए जीवन की कर चुके हैं शुरूआत

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा है कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत अधिकतम नक्सली मुख्यधारा में लौट चुके है और पुनर्वास योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार का लाभ उठा रहे है। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी अब नया जीवन शुरू करने के लिए मानसिक रूप से तैयार हो चुके है। जंगल में भटक रहे माओवादियों से अपील है कि अभी भी हथियार छोड़कर पुलिस के पास सीधे आ सकते है।

#### मासे के पत्र का असर सकारात्मक होगा

विशेषज्ञों का मानना है कि पूर्व नक्सलियों द्वारा अपने साथियों को लिखे गए ऐसे पत्र संगठन के भीतर सकारात्मक संदेश दे सकते हैं। जब कोई व्यक्ति स्वयं अनुभव के आधार पर जंगल के जीवन की कठिनाइयों और बदलते सामाजिक माहौल का उल्लेख करता है, तो उसका प्रभाव अधिक गहरा होता है। फोर्स को भी इंतजार है कि कांकेर में बचे 22 माओवादी जल्द से जल्द जंगल छोड़कर सरकार द्वारा चलाए जा रहे आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ उठा ले, अन्यथा आपरेशन तीव्र हो जाने पर ऐसे समय में जंगल में लंबे समय तक रह पाना मुश्किल है।

# होली पर पूर्ण चंद्रग्रहण की छाया से पर्व को लेकर बनी असमंजस की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



फाल्गुन पूर्णिमा पर इस वर्ष होली और चंद्रग्रहण के संयोग ने आमजन के बीच असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है। लोग यह जानने को उत्सुक हैं कि आखिर होलिका दहन और रंगोत्सव किस दिन मनाया जाए। कांकेर के ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, शास्त्र सम्मत गणना और ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति को देखते हुए इस बार होलिका दहन 2 मार्च 2026 को किया जाना श्रेष्ठ रहेगा, जबकि 3 मार्च को पड़ने वाले पूर्ण चंद्रग्रहण के कारण उस दिन रंग खेलने से बचना उचित होगा।

■ पूर्ण चंद्रग्रहण 3 मार्च को दोपहर 3:20 से शाम 6:47 तक, सुबह 6:20 से लगेगा सूतक

ज्योतिषीय जानकारी के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा का प्रारंभ 2 मार्च 2026 को शाम 5 बजकर 56 मिनट से होगा और 3 मार्च को शाम 5 बजकर 08 मिनट पर पूर्णिमा समाप्त हो जाएगी। 3 मार्च को दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से सायं 6 बजकर 47 मिनट तक पूर्ण चंद्रग्रहण रहेगा। ग्रहण का सूतक काल 3 मार्च की सुबह 6 बजकर 20 मिनट से ही प्रारंभ हो जाएगा। शास्त्रों में ग्रहण और सूतक काल में अग्नि प्रज्वलित करना वर्जित माना गया है। धर्मशास्त्रों के अनुसार जिस दिन प्रदोष काल ▶▶ शेष पेज 04 पर

#### पूर्णिमा पर लगता है चंद्रग्रहण

चंद्र ग्रहण हमेशा पूर्णिमा के दिन ही पड़ता है। सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा जब एक सीध में आ जाते हैं और पृथ्वी बीच में होती है, तब पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ती है। इसी स्थिति को चंद्रग्रहण कहते हैं, लेकिन हर पूर्णिमा को चंद्रग्रहण नहीं होता, क्योंकि चंद्रमा की कक्षा पृथ्वी की कक्षा से लगभग 5 झुकी हुई है। जब पूर्णिमा के समय चंद्रमा पृथ्वी की कक्षा (क्रांतिवृत्त) के नोड (राहु-केतु बिंदु) के पास होता है, तभी ग्रहण संभव होता है। चंद्रग्रहण रात के समय ही दिखाई देता है, इसे नंगी आंखों से सुरक्षित देखा जा सकता है।



## खबर संक्षेप



### एसडीओपी ने की केशकाल थाना में अभिलेखों की गहन पड़ताल

**केशकाल।** अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) केशकाल अरुण नेताम ने थाना केशकाल का प्रथम अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना के समस्त पंजियों का गहन अवलोकन किया गया। इस दौरान आर्म्स एवं एम्युनेशन पंजी, स्थायी वारंट की तामिली पंजी सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की गई। अभिलेखों के रख-रखाव और अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना में लंबित अपराध, मर्ग, शिकायतों एवं गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों की प्रगति की जानकारी ली गई। लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। एसडीओपी श्री नेताम ने थाना स्टाफ को कार्य में पारदर्शिता, समयबद्ध कार्रवाई और रिकॉर्ड संधारण में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान केशकाल थाना प्रभारी निरी. विकास बघेल मौजूद रहे।

### 12 हितग्राहियों की एसडीएम कोर्ट में पेशी, राशि वापसी व नीलामी की चेतावनी



**फरसगांव।** नगर में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रथम किस्त प्राप्त करने के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले 12 हितग्राहियों की आज एसडीएम न्यायालय में पेशी ली गई। फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पूसाम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों ने प्रथम किस्त की राशि प्राप्त कर उसे निर्धारित प्रयोजन के स्थान पर अन्य कार्यों में खर्च कर दिया है, वे तत्काल उक्त राशि जमा करें तथा आगामी 3 दिनों के भीतर आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करें। सुनवाई के दौरान प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समयावधि में राशि जमा नहीं की गई या निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो न्यायालय स्तर पर संबंधित हितग्राहियों की संपत्ति की नीलामी कर शासकीय राशि की वसूली की जाएगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराना है, इसलिए योजना की राशि का दुरुपयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे शासन की योजनाओं का लाभ नियमों के अनुरूप लें और समय पर निर्माण कार्य पूर्ण कर योजना का उद्देश्य सफल बनाएं।

## पेज 3 के शेष

### आत्मसमर्पित मासे बारसा...

कर सुरक्षित जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। उन्होंने विश्वास जताया है कि सही निर्णय लेकर वे दोनों भी समाज की मुख्यधारा में लौट सकते हैं और नया जीवन शुरू कर सकते हैं। पत्र के अंत में उन्होंने क्रांतिकारी अभिनंदन के साथ लिखते हुए अपने पुराने साथियों के प्रति भावनात्मक जुड़ाव भी व्यक्त किया है।

### होली पर पूर्ण चंद्रग्रहण...

(सूर्यास्त के बाद का समय) में पूर्णिमा व्याप्त हो, उसी दिन होलिका दहन करना श्रेष्ठ होता है। 3 मार्च को सूर्यास्त से पहले ही पूर्णिमा समाप्त हो रही है और ग्रहण का प्रभाव भी रहेगा, इसलिए 2 मार्च को ही होलिका दहन का विधान बताया गया है। हालांकि 2 मार्च को शाम 5 बजकर 56 मिनट से पूरी रात भद्रा प्रभावी रहेगी। भद्रा में होलिका दहन वर्जित माना जाता है, लेकिन जब भद्रा संपूर्ण रात्रि हो तो भद्रा मुख को त्यागकर प्रदोष काल में दहन किया जा सकता है। इस वर्ष होलिका दहन का सबसे शुभ मुहूर्त शाम 6 बजकर 36 मिनट से रात्रि 9 बजे के मध्य बताया गया है।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हल्दी, वाशिंग पाउडर और नींबू से सीखा विज्ञान का जादू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल।

**खास बातें**

- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर डॉ. सी. वी. रमन को श्रद्धांजलि
- प्रयोग और वैज्ञानिक नामों की प्रतियोगिता से बच्चों में बढ़ी जिज्ञासा



शासकीय हाई स्कूल आमागढ़ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर डॉ. सीवी रमन की स्मृति में एक रोचक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाई स्कूल के बच्चों में वैज्ञानिकों के प्रति सम्मान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना था।

कार्यक्रम कि शुरुआत में छात्राओं युक्त, मोनिका और हर्षप्रिया ने एक साधारण लेकिन अद्भुत प्रयोग से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने स्वच्छ जल में हल्दी घोलकर पीला रंग बनाया, फिर उसमें वाशिंग पाउडर मिलाकर लाल रंग में परिवर्तित कर दिया। अंत में नींबू का रस डालते ही वही जल ऑरेंज कलर में बदल गया। इस रासायनिक प्रक्रिया ने बच्चों को विज्ञान के प्रति उत्सुक और रोमांचित कर दिया। इसके पश्चात कौन सबसे अधिक वैज्ञानिकों के नाम बता सकते हैं? विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राथमिक स्तर पर कु. युक्ति व युवराज, माध्यमिक स्तर पर दामिनी और हाई स्कूल स्तर पर योगेश कुमार ने सर्वाधिक नाम लिखकर बाजी मारी। वहीं, सभी नामों को साझा करने के बाद हुए अंतिम दौर में प्राथमिक स्तर पर कु. युक्ति, माध्यमिक स्तर पर माखन कुमार और हाई स्कूल स्तर पर 76 वैज्ञानिकों के नाम बताने वाले कपिल गोटा ने विजेता का खिताब हासिल किया।

संकुल समन्वयक सुरेंद्र कुमार उइके ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा हल्दी, वाशिंग पाउडर और नींबू से रंग बदलते देखना बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक ही नहीं, मनोरंजक भी रहा। ममता रावटे ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वैज्ञानिक विचारधारा की पहली सीढ़ी है। बच्चों को हर घटना के पीछे का वैज्ञानिक कारण जानने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विनोद साहू, बृजेश साहू, रामनाथ गोटा, आत्माराम तारमे, भुनेश उसेंडी सहित समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित रहें।

## पैराडाइज हायर सेकंडरी सीबीएसई स्कूल में विज्ञान प्रतिभा की झलक

# साइंस के आकर्षक प्रयोग, वर्किंग मॉडल रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता में छात्रों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर।

- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर डॉ. चंद्रशेखर वेंकटरमन को किया याद

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल में 28 फरवरी को राष्ट्र विज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया एवं डॉ. चंद्रशेखर वेंकटरमन को याद किया गया। साइंस दिवस के अवसर पर मिडिल स्कूल के छात्रों के द्वारा विभिन्न प्रकार के साइंस के आकर्षक वर्किंग मॉडल रंगोली एवं चिकित्सा विज्ञान लघु नाटिका के माध्यम से साइंस के प्रति अपनी विज्ञान कला को प्रदर्शित किया।



विकसित भारत विज्ञान रंगोली में मान्या तिवारी, आशी सिंह, अनम अली, गितिका सोरी, सिम्मी सिन्हा, तनुजा मरकाम, कनिका मरकाम, प्रतिभा नेताम, झरना सिन्हा, ट्विंकल नाग, पाखी शर्मा, रिया मण्डावी, अदिति नेताम, पुष्पांजलि, तेजशी जैन, सौम्या सिन्हा, कोहिना कांगे, नौशिन फातिमा, ट्विंकल नेताम, छाया सारथी, भूमिका जायसवाल, पुर्वी निर्मलकार, सौम्या कोड़पी, लिपि बोरकर, लुभांशी दुरगासी, उर्वशी भास्कर, भूविका यादव, सेजल मण्डावी ने भाग लिया।

मिडिल कक्षाओं के छात्रो के लिए साइंस दिवस पर प्रश्नोत्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राएं अपने जिज्ञासा एवं मानसिक क्षमताओं का उपयोग करते हुये इस प्रतियोगिता में उत्साह के साथ हिस्सा लेकर अपनी बौद्धिक, यांत्रिक एवं तर्कशक्ति का उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया।

### इन्होंने लिया स्पर्धा में भाग

इस प्रतियोगिता में चार ग्रुप 'ए', 'बी', 'सी' एवं 'डी' बनाए गए, जिसमें सभी ग्रुप अपने ज्ञान एवं तर्क शक्ति के अनुसार सभी प्रश्नों का बहुत सहज तरीके से जवाब दिए। तेजस्वी देवांगन, सनाया मेश्राम, गर्व गनवीर, आदित्य मरकाम, नमन गोडबोले, अद्या झा. चैताली मरकाम, शुभ पुरी गोस्वामी, आदि ने भाग लिया। साथ ही रूबिक क्यूब सॉल्विंग गेम्स में प्रथम अफरीदी, द्वितीय अमिल, तृतीय अंश कुमार साहू, रहें। भाषण में असमा खान, सनाया मेश्राम, रिमझिम मूर्ति ने दिए। प्राइमरी कक्षा के छात्रों मुकुंद नायिक, ख्याति सिन्हा, तेजस सिंह अत्री, धानि रावटे, दृष्टि, आद्य नामदेव, सिबतेन, पीयुष, अंजलि चौरसिया, हिमांशी देवांगन, सौरंभ, मो. अली. सातवीक, समृद्धि, आरोही, शिवांशी, माही, रेहान, विद्या, हार्दिक, मानसी, याचना आदि ने विभिन्न वैज्ञानिकों के वेशभूषा में आधुनिक विज्ञान के प्रति उनकी अनूठी पहचान, उनकी दृष्टिकोण, विशेषज्ञता, विज्ञान के प्रति उनके प्रयोग और अविष्कार को बताया। साइंस के आकर्षक रंगोली, प्रोजेक्ट एवं भाषण तथा लघु नाटिका को प्रदर्शित करने में शिक्षको की अहम भूमिका रही।

### इनका रहा अहम योगदान

कार्यक्रम को सपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी, प्रीति झा, पवित्र बढ़ाई के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक दीपांजली गोगोई आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

# कांग्रेस की बैठक में जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रस्ताव पारित



**बासनवाही।** दुधावा मंडल कांग्रेस कमेटी दुधावा द्वारा शुक्रवार को बूथ मावलीपारा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के अंत में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

बैठक में विशेष रूप से एसआईआर से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान को लेकर रणनीति तय की गई। कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के जनविरोधी बजट की आलोचना करते हुए इसे आम जनता, किसान और मजदूर वर्ग के हितों के खिलाफ बताया। उपस्थित नेताओं ने डबल इंजन सरकार को विकास के मुद्दों पर विफल बताते हुए उसके खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी पारित किया।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रोहिदास शोरी, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पुरूषोत्तम पाटिल, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष भीखम सोरी, कांग्रेस नेता मुकेश राय, सेक्टर प्रभारी शिवनारायण कुलदीप, बीरेन्द्र नेताम, नंदलाल मंडावी, वरिष्ठ कांग्रेसी एवं ग्राम पटेल महेश जैन, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं सरपंच सियाराम कोसमा, लालचंद जैन, साईमुण्डा बूथ अध्यक्ष रामचंद मंडावी, रामकिशन उईके, सेक्टर प्रभारी प्रमोद कुजाम, शामतरा बूथ अध्यक्ष जगदीश मरकाम तथा मावलीपारा के नवनियुक्त बूथ अध्यक्ष माखनलाल विश्वकर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सहकारिता से आएगी समृद्धि और ग्राम पंचायतें होंगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- नाथिया नवागांव लैंपस में किसानों को सहकारिता आधारित प्रशिक्षण
- डिजिटलीकरण, विपणन और समितियों के गठन पर दिया जोर

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्यादित रायपुर एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित के संयुक्त तत्वाधान में नाथिया नवागांव लैंपस में किसानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

आयोजित शिविर में कृषको को प्रशिक्षण देते हुए छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ के वरिष्ठ प्रशिक्षक विवेक पांडे ने कहा कि सहकार से समृद्धि भारत सरकार का एक प्रमुख दृष्टिकोण है, जिसका उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाना है। यह (प्राथमिक कृषि ऋण समितियों) का डिजिटलीकरण, बेहतर विपणन, भंडारण, और महिलाओं व सीमांत किसानों को जोड़कर आय वृद्धि और सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। देश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। उन्होंने कहा कि हमारी आबादी के एक बड़े हिस्से का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष जीवन-यापन खेती, किसानी तथा पशुपालन पर आधारित होता है। देश में सबसे अधिक रोजगार यदि किन्हीं दो क्षेत्रों में सृजित होता है, तो वह कृषि और पशुपालन से ही होता है। जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने कहा कि आदिवासी संस्कृति में सहकारिता का प्रादुर्भाव प्राचीन काल से ही रहा है। वर्तमान समय में सहकारिता से प्रत्येक गांवों जोड़ने की बात हो रही है, जिसके लिए सहकारिता मंत्रालय भी नये-नये कानून बना रही है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर लैंपस प्रबंधक के अलावा रामानुज कुंजाम, द्वारिका साहू, उमाशकर जैन अमृत नेताम, सतीश, चरण सिह, लच्छन राम, विपल नेताम, नरेन्द्र साहू, दिलीप कोड़ोपी, देव सिंह, संतोष राकेश, चन्द्रहास जैन , मालतू राम, लच्छू राम, चरण सिंह, मदनराम एवं कर्मचारियों के साथ-साथ संघ के रोमांचल पाणिग्राही एवं जितेंद्र नेताम आदि उपस्थित थे।

# प्रदेश के 24 लाख 28 हजार किसानों को अंतिरत की गई 10 हजार करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल।

- कृषक उन्नति योजना से किसानों को मिली बड़ी राहत
- दुर्गूकोंदल के 7745 धान उत्पादक किसानों को मिला 3100 रुपये प्रति क्विंटल का लाभ



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत प्रदेश के 24 लाख 28 हजार किसानों के बैंक खातों में 10 हजार करोड़ की कृषि आदान सहायता राशि एकमुश्त अंतरित की गई। होली पर्व से पूर्व किसानों को यह आर्थिक सहायता सम्मान और समृद्धि का उपहार मानी जा रही है।

विकासखंड दुर्गूकोंदल में वर्ष 2025-26 के दौरान धान बेचने वाले 7745 किसानों ने कुल 5,11,965 क्विंटल धान की बिक्री की थी। इसके एवज में किसानों के खातों में 3743.28 लाख की अंतर राशि अंतरित की गई। पूर्व में धान विक्रय के समय न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 प्रति क्विंटल का भुगतान किया जा चुका था, जबकि शेष 800 रूपएं प्रति क्विंटल की अंतर राशि अब एकमुश्त प्रदान की गई है, जिससे कुल समर्थन मूल्य 3100 प्रति क्विंटल सुनिश्चित हुआ। ब्लॉक मुख्यालय दुर्गूकोंदल में कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग द्वारा कृषक उन्नति योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी में जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के अन्नदाताओं की मेहनत का वास्तविक सम्मान करते हुए 10 हजार करोड़ से अधिक की राशि सीधे किसानों के खातों में अंतरित की है। यह कदम किसानों की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के अध्यक्ष गोपी बढ़ाई तथा लेम्प्स अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य पीलम नरेटी कहा कि राज्य सरकार किसान हितैषी नीतियों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि होली के पूर्व यह राशि मिलना किसानों के लिए किसी सौगात से कम नहीं है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल के अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो, मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला कांकेर के जिला महामंत्री विजय पटेल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नागसाय तुलावी, मंडल अध्यक्ष सतीश जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष शिरो कोमरे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### बस्तर संभाग के डाकघरों में अंतरराष्ट्रीय पार्सल सेवा शुरू

**कोण्डागांव।** आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय डाक विभाग द्वारा बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख डाकघरों एवं उपडाकघरों में अंतरराष्ट्रीय पार्सल एवं अंतरराष्ट्रीय लेख बुकिंग सेवा उपलब्ध करा दी गई है। इस नई सुविधा के माध्यम से संभाग के नागरिक अब अपने पार्सल, दस्तावेज एवं अन्य सामग्री को विश्व के विभिन्न देशों में सुरक्षित एवं सरल प्रक्रिया के तहत भेज सकते हैं। इससे विदेशों में रह रहे परिजनों, छात्रें एवं व्यापार से जुड़े लोगों को विशेष लाभ मिलेगा।

# भाजयुमो ने प्रदेश उपाध्यक्ष का किया स्वागत



**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन के कांकेर में प्रथम नगर आगमन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा शहर मंडल द्वारा स्वागत किया गया।

युवा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा पूरे कार्यक्रम का वातावरण संगठनात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर विधायक आशाराम नेताम, जिलाध्यक्ष महेश जैन, बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, नपा अध्यक्ष अरुण कौशिक, जितेंद्र मरकाम, संजय सिन्हा, दिलीप जायसवाल, हीरा मरकाम, राजीव लोचन, घनेंद्र सिंह ठाकुर, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष हर्षल गजबिये, भाजयुमो के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीएम सूर्य घर योजना से रौशन हुआ आवास

# शासन की योजनाओं से चमन लाल का परिवार बना आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग अंतर्गत जिला कोंडागांव के ग्राम पंचायत बड़े कनेरा निवासी चमन लाल पवार का परिवार आज शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ लेकर आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन जी रहा है। कभी कच्चे मकान में रहने वाला यह परिवार अब पक्के, सुरक्षित और सौर ऊर्जा से रोशन घर में निवास कर रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय के मंशानुसार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में




जिला प्रशासन द्वारा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुँचाया जा रहा है, जिससे चमन लाल पवार के परिवार के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण श्री पवार वर्षों तक कच्चे मकान में रहने को मजबूर थे। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत उन्हें पक्ककी स्वीकृति मिली। साथ ही मनरेगा योजना के अंतर्गत 95 मानव दिवस की मजदूरी प्राप्त होने से आवास निर्माण में आर्थिक संबल मिला। आज उनका घर सुरक्षित, स्वच्छ और सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त है।

### उज्ज्वला और नल–जल योजना से मिली सुविधा

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन मिलने से परिवार को धुएँ से मुक्ति मिली। वहीं नल–जल योजना के अंतर्गत घर में नल कनेक्शन मिलने से स्वच्छ पेयजल की सुविधा सुनिश्चित हुई, जिससे परिवार का स्वास्थ्य और दैनिक जीवन बेहतर हुआ। ग्राम पंचायत में बिजली विभाग द्वारा दी गई जानकारी के बाद चमन लाल पवार ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आवेदन किया। योजना के अंतर्गत उनके आवास की छत पर 3 किलोवाट का रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किया गया, जिसके लिए उन्हें 1 लाख 8 हजार रुपये का शासकीय अनुदान प्राप्त हुआ।

# पीएम की गारंटी सीएम ने की पूरी, किसानों के खातों में पहुंची राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



- भाजयुमो अध्यक्ष संजू गोपाल साहू भाजपा के सुशासन में किसानों हुए खुशहाल

होली के रंगों से पहले ही किसानों के चेहरों पर खुशियों की रंगत नजर आने लगी है। मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारते हुए प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार ने अंचल के किसानों के खातों में करोड़ों रुपये की राशि अंतरित कर दी है। त्योहार से ठीक पहले मिली इस आर्थिक सहायता ने न केवल किसानों की आर्थिक चिंता को कम किया है, बल्कि ग्रामीण अंचल में उत्साह और विश्वास का माहौल भी बनाया है।

भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने बयान जारी कर कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों की रक्षा और उनकी आय बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी गई है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई गारंटी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मजबूती से लागू कर रहे हैं। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और खेती को लाभकारी व्यवसाय में परिवर्तित करना है। समय पर आर्थिक सहायता मिलने से किसान बीज, खाद और अन्य कृषि जरूरतों की पूर्ति सुगमता से कर सकेंगे, जिससे आगामी फसल चक्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि होली जैसे बड़े पर्व से पहले मिली यह राशि किसानों और उनके परिवारों के लिए विशेष महत्व रखती है। इससे जहां खेती-किसानी के कार्यों में सहूलियत मिलेगी, वहीं त्यौहार की तैयारियां भी बेहतर ढंग से हो सकेंगी।

**खबर संक्षेप**

## चिकित्सालय में हाई रिस्क गर्भवतियों की विशेष जांच



**बीजापुर।** जिला चिकित्सालय में उसूर विखं के अतिसंवेदनशील ग्राम पुसबाका, मुरकीपाल, बंडेगुड़ा एवं कोत्तागुड़ा से चिन्हित हाई रिस्क प्रेगनेंसी की गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इसके तहत गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय आमंत्रित कर समुचित चिकित्सकीय जांच सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर कुल 10 गर्भवती महिलाएं उपस्थित रहीं।

# राधा-कृष्ण मंदिर के स्वागत द्वार का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल





■ नपा अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह ने रखी आधारशिला

बंगाली कैंप, वार्ड क्रमांक 4 स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में नए भव्य स्वागतद्वार के निर्माण हेतु शुक्रवार सुबह 10 बजे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह ने पूजा-अर्चना कर स्वागतद्वार निर्माण की आधारशिला रखी। इस अवसर पर अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि यह स्वागतद्वार मंदिर की आस्था, गरिमा और भव्यता को नई पहचान देगा। उन्होंने कहा, श्री राधा कृष्ण मंदिर नगर की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। स्वागतद्वार बनने से मंदिर की सुंदरता और बढ़ेगी तथा बाहर से आने वाले भक्तों के लिए यह आकर्षण का विशेष केंद्र बनेगा। नगर पालिका मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

मंदिर समिति के अध्यक्ष तुलसी राय एवं सचिव बिप्लव मल्लिक ने बताया कि लंबे समय से स्वागतद्वार निर्माण की मांग की जा रही थी, जो अब पूर्ण होने जा रही है। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्य से श्रद्धालुओं में हर्ष का वातावरण है।

वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद अमृत टंडन ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। उन्होंने मंदिर परिसर में बनने वाले स्वागतद्वार को वार्ड के लिए गौरव की बात बताया। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास क्षेत्र की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करता है। पार्षद अमृत टंडन ने आश्वासन दिया कि वार्ड के विकास कार्यों के साथ-साथ धार्मिक एवं जनहित से जुड़े हर कार्य में वे सदैव सहयोग करते रहेंगे।

इस दौरान पार्षद लक्ष्मी ठाकुर, देवकी ठाकुर, यशोदा चुन्नम, लीना सोनी, गोपीनाथ हरिजन, राजकुमार सोनी, थामस बाबू दुर्गम, के. सजी, अनिल मरकाम, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उपस्थित भक्तों ने मंदिर परिसर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था एवं धार्मिक आयोजनों को और अधिक भव्य रूप से आयोजित करने के संबंध में चर्चा की। भूमि पूजन के साथ ही निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाने की जानकारी दी गई।

### नकुलनार में होली की रंगत, होली से पहले ही जमा रंग

# ढोल-नगाड़ों की थाप पर गूंज रही बृज और अवध की फाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार





रंगों का पर्व होली नजदीक आते ही दंतेवाड़ा जिले जे नकुलनार गांव पूरी तरह होली उत्सव के माहौल में पहले से ही रंगा नजर आ रहा है। यहां शाम ढलते ही ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ बृज और अवध की पारंपरिक फाग की गूंज इस बात का संकेत देती ही कि होली पर्व नजदीक आ रहा हैं।

ग्रामीण पूरे उत्साह के साथ होली की तैयारियों में जुटे हुए हैं और गांव में सांस्कृतिक परंपराओं की अनोखी झलक शिव मंदिर में देखने को मिल रही है।

नकुलनार बस्ती की खास पहचान यहां बसे उत्तरप्रदेश के बृज और अवध क्षेत्र से आए परिवार हैं, जिनकी वजह से आज भी गांव में उत्तर भारतीय परंपराएं जीवंत रूप में दिखाई देती हैं। धार्मिक पर्वों पर यहां की संस्कृति में बृजभूमि और अवध की छाप साफ नजर आती है। आगामी 4 मार्च को मनाई जाने वाली होली को लेकर गांव में अभी से उत्साह चरम पर है।

गांव में बने प्राचीन मनसुखेश्वर शिव मंदिर में प्रतिदिन शाम ग्रामीण एकत्र होकर करीब एक घंटे तक ढोल, ताशा और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ फाग गीतों की रिहर्सल कर रहे हैं। होली के दिन यही टोली पूरे गांव का भ्रमण करते हुए घर-घर पहुंचकर प्रेम, भाईचारे और उल्लास के साथ फाग गाएगी। ग्रामीणों का मानना है कि यह परंपरा सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और आपसी संबंधों को मजबूत करने का मजबूत माध्यम है।

नकुलनार में होलिका दहन की परंपरा भी करीब 70 वर्षों से सामूहिक रूप में निभाई जा रही है। होली से एक दिन पूर्व सामुदायिक भवन के पास निर्धारित स्थल पर ग्रामीण एकत्र होकर लकड़ियां सजाते हैं और विधि-विधान से होलिका दहन किया जाता है। इसके अगले दिन रंगों की होली पूरे उत्साह के साथ खेली जाती है। परंपरा के अनुसार फाग की शुरुआत शिव मंदिर से होती है और सबसे पहले उन घरों में पहुंचा जाता है, जहां पिछली होली से लेकर इस बार की होली तक में किसी परिवार में शोक हुआ हो। उन्हें उत्सव में शामिल कर सामाजिक संवेदनशीलता और अपनत्व का संदेश दिया जाता है। इसके बाद फाग टोली गांव के हर छोटे-बड़े घर में पहुंचकर गीत गाती है। दिनभर चलने वाले इस आयोजन में लोग गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे से गले मिलते हैं और आशीर्वाद लेकर पर्व की खुशियां साझा करते हैं।

होली के दूसरे दिन गांव की महिलाएं भी सामूहिक होली मनाती हैं, जो पूरे दिन घर-घर जाकर गीत और उत्सव के साथ जारी रहती है। नकुलनार में होली का रंग एक सप्ताह पहले से चढ़ना शुरू हो जाता है और रंगपंचमी तक इसकी उमंग पूरे गांव में बनी रहती है। यहां की होली की परंपरा वर्षो से ऐसे ही चली आ रही है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों व विद्यालयों को किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं विद्यालयों को टीम विनोबा के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर देवेश ध्रुव एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नहाटा के करकमलों द्वारा पोस्ट ऑफ द मंथ तथा एनएमएमएसई प्रैक्टिस टेस्ट में टॉप थर्ड स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालयों को सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षिका शिल्पा सिंह चौहान, सुनीता अजित एवं शिवकुमार गुप्ता को पोस्ट ऑफ द मंथ के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही एनएमएमएसई प्रैक्टिस टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बचेली, शासकीय माध्यमिक शाला बालूद तथा शासकीय नवीन उच्च प्राथमिक शाला कतियाररास को टॉप थर्ड स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिल रही है तथा विद्यालय लगातार प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से इसी प्रकार निरंतर लगन एवं समर्पण के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया, ताकि जिले के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकें। इस उपलब्धि पर सभी सम्मानित शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं।

# चिकित्सा क्षेत्र में अनुसंधान की बढ़ती आवश्यकता पर दिया बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर







■ मेकाज में रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला

स्व. बलिराम कश्यपस्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल में शनिवार की सुबह 10 बजे से रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सा विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को शोध की मूलभूत अवधारणाओं, अनुसंधान पद्धति, अध्ययन डिजाइन तथा वैज्ञानिक लेखन के विभिन्न आयामों की व्यापक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रघुपति अंचला (एमबीबीएस-एएफएमसी, डीटीसीएच, एमपीएच-पिट्सबर्ग, यूएसए, पीएचडी-कैम्ब्रिज, यूके डीन अकादमिक एवं प्रोफेसर, एपिडेमियोलॉजी), डॉ. नेहा सिंह (रिसर्च साइंटिस्ट, मेकाहारा) तथा डॉ. शालिनी जैन (सहायक प्राध्यापक, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, डिमरापाल) ने व्याख्यान दिया। सभी वक्ताओं ने शोध की आवश्यकता, अनुसंधान योजना निर्माण, डेटा संग्रहण एवं विश्लेषण, अध्ययन डिजाइन तथा शोध पत्र लेखन की प्रक्रिया पर विस्तृत, सारगर्भित एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, मेकाज के डीन डॉ. प्रदीप बेक, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज दंतेवाड़ा के डीन डॉ. टीकू सिन्हा, मेकाज के अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू तथा सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. किशोर ब्रह्मपुरकर शामिल रहे। अतिथियों ने चिकित्सा क्षेत्र में अनुसंधान की बढ़ती आवश्यकता पर विशेष बल दिया तथा विद्यार्थियों को शोध गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यशाला अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं उपयोगी सिद्ध हुई तथा चिकित्सा शिक्षा में अनुसंधान की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में स्थापित हुई।

## साय सरकार के ऐतिहासिक बजट से मिलेगी विकास को गति : चैतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



■ दंतेवाड़ा विधायक ने बजट को विकास उन्मुखी बताते सराहा

विधानसभा में पेश किए गए छत्तीसगढ़ सरकार के नए बजट का स्वागत करते हुए दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने कहा है कि सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य, ख़ास कर बस्तर-सरगुजा के विकास को नई गति मिलेगी। राज्य के बजट आकार में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और कनेक्टिविटी पर विशेष फोकस किया गया है, जो स्वागतेय है। दंतेवाड़ा जिले को इस बजट में ख़ास सौगातें मिली हैं। राज्य के 3 अन्य मेडिकल कॉलेजों के साथ नए दंतेवाड़ा मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए 50 करोड़, गीदम-राजनांदगांव सड़क, बारसूर-मुचनार सड़क निर्माण, पोटाली में नया थाना खोलने, ढोलकल को बस्तर टूरिज्म हब बनाने जैसी कई सौगातें सरकार ने दंतेवाड़ा जिला वासियों को इस बजट में दी है। इसी तरह रामलला दर्शन योजना की तर्ज पर श्रद्धालुओं को शक्तिपीठ भ्रमण करवाने का प्रावधान भी सरकार ने किया है, जो स्वागतेय है।

विधायक अटामी ने बजट की सराहना करते कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार में विकास की व्यापक और संतुलित रूपरेखा सामने आई है1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए तक पहुँच गया है। यह वृद्धि राज्य की आर्थिक प्रगति और विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इसके अलावा, रोजगार आधारित कृषि सेक्टर एवं एग्रो-फॉरेस्ट प्रोसेसिंग के विकास के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कृषि विकास को गति देने के उद्देश्य से कई प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं को बजट में शामिल किया गया है।

सरगुजा-जशपुर विकास प्राधिकरण तथा बस्तर विकास प्राधिकरण के लिए 75-75 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही 'बस्तर-सरगुजा ओलंपिक' के आयोजन हेतु 5-5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

बस्तर नेट परियोजना के लिए 5 करोड़ रुपए तथा मुख्यमंत्री बस सेवा योजना के लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

बकरी पालन, शूकर पालन एवं मधुमक्खी पालन जैसी गतिविधियों के लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसर सृजित होंगे।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में हरित विद्यालय विषय पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण में संचालित जावंगा गीदम में हरित विद्यालय विषय पर आधारित एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घनश्याम सिंह, वैज्ञानिक, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण विभाग रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि के सौहार्दपूर्ण स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में अतिथि वक्ता ने जल संसाधनों के संरक्षण, वन एवं जैव-विविधता की सुरक्षा तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कैरियर विकल्पों के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने जिज्ञासा और उत्साह के साथ सहभागिता की। समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।

## होली पर सुरक्षा को लेकर अलर्ट, विद्युत लाइनों से दूर करें होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ बिजली प्रभावित रोकने होलिका दहन स्थल पर तैनात होंगे विद्युत कर्मी

होली पर सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। अधिकारियों ने कहा कि होलिका दहन विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मर और बिजली के खंभों से सुरक्षित दूरी पर ही किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना से बचा जा सके। विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू ने कहा कि होलिका दहन विद्युत लाइन, ट्रांसफार्मर या पोल के पास न करें। गीले शरीर से किसी भी विद्युत स्विच या उपकरण को न छुएं, क्योंकि गीली त्वचा विद्युत की अति-सुचालक होती है। ट्रांसफार्मर, स्टे-वायर या बिजली के खंभों पर पानी या गीला रंग न फेंकें। इससे अर्थिंग या फ्लैशओवर की संभावना बढ़ जाती है। घर के बाहर होली खेलते समय सुरक्षा के लिहाज से मुख्य स्विच बंद रखे। बच्चों को बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मर या स्टे-वायर के पास खेलने से रोकें। बिजली प्रभावित रोकने के लिए होलिका दहन स्थल पर विद्युत कर्मी तैनात होंगे।

### समस्या होने पर नियंत्रण कक्ष को दें सूचना

अधिकारी ने उपभोक्ताओं से कहा कि यदि कहीं बिजली का तार टूटकर जमीन पर गिर जाए तो उसे स्वयं हटाने का प्रयास न करें। तत्काल विभागीय नियंत्रण कक्ष को सूचना दें। आपात स्थिति में टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1912 पर संपर्क करें। साथ ही 24 घंटे संचालित नियंत्रण कक्ष पर भी सूचना दी जा सकती है।

## नेतृत्व व प्रबंधन पर हुआ 5 दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा




पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा नामित जनपद पंचायत दरभा के जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पीडी हरीश ने भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर में नेतृत्व एवं प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपना 5 दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण किया।

वापस आने पर उनसे वहां का अनुभव पूछा गया तो उन्होंने कहा की प्रशिक्षण शानदार एवं उत्साह वर्धक रहा प्रशिक्षण संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रध्यापक मौजूद हैं, जिनके साथ साजा कार्यक्रम करने से आत्मविश्वास में वृद्धि हुई हैं, साथ ही नया विजन मिला हैं। जिससे आगे काम करने में साहायता मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि मेरे खुशी का ठिकाना तब न रहा ज़ब प्रशिक्षण कार्यक्रम में दरभा जनपद पंचायत में स्थित धुडमारास एवं तीरथगढ़ जैसे पर्यटन स्थलों का वीडियो प्ले किया गया एवं यहां की उपलब्धियों को बताया गया। पीडी हरीश ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में बस्तर जिले से मैं एक मात्र प्रतिभागी था जिससे प्रबंधन का ध्यान रखकर मुझ पर फोकस हो जाता था।

प्रशिक्षण में मुझे अपने विचार रखने का अवसर दिया गया। मैंने अपने समझ एवं सामर्थ्य के अनुसार इस क्षेत्र का विचार रखा जो अत्यंत प्रभावी रहा एवं प्रबंधन संस्थान से सरहाना मिली। मुझे विश्वास हैं कि हम सब मिलकर क्षेत्र के लिए बेहतर कार्य करेंगे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### युवक की मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए बांदे थानांतर्गत 107 निवासी 19 वर्षीय स्वपन बसू पिता परिमल का 27 अक्टूबर को अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया था। अज्ञात कारणों के चलते उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सार्वजनिक शराबखोरी के आरोप में एक गिरफ्तार



**कांकेर।** चारामा पुलिस ने 27 फरवरी कि रात पौने 9 बजें कण्डेल पुल के पास छापाकार कार्यवाही करते हुए आरोपी मचांदूर निवासी अनिल नाग पिता महेश को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए धर दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी सार्वजनिक स्थल पर शराब पीते हुए पाया गया, जिसके खिलाफ धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### एकलव्य प्रवेश परीक्षा कोचिंग का समापन, 33 बच्चों ने लिया लाभ



**दुर्गूकोंदल।** संकुल केन्द्र कोदापाखा में संकुल स्तरीय एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए संचालित कोचिंग कक्षा का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस कोचिंग कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा पांचवीं के पात्र एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा में सफल बनाना रहा, ताकि ग्रामीण अंचल के बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर प्राप्त कर सकें। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को विषयवार मार्गदर्शन देते हुए परीक्षा पैटर्न के अनुरूप तैयारी कराई। बच्चों को गणित, हिंदी, सामान्य ज्ञान एवं तार्किक क्षमता जैसे विषयों पर विशेष अभ्यास कराया, जिससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ा। संकुल समन्वयक रामचंद्र दुग्गे ने जानकारी देते हुए बताया कि कोचिंग में कुल 33 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इनमें प्राथमिक शाला कोदापाखा से 4, बोकराटोला से 4, वाटिनटोला से 5, पाऊरखेडा से 3, कोपाकटेल से 1, नेवारखेडा से 2, क्वाचीकटेल से 5 तथा बांगाचार से 9 विद्यार्थी शामिल रहे। ग्रामीण क्षेत्रों से आए इन बच्चों में सीखने के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। इस पहल से क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। संकुल स्तर पर संचालित इस कोचिंग से निश्चित ही ग्रामीण प्रतिभाओं को नई दिशा मिलेगी और वे एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश पाकर अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होंगे।

# फर्जी आधार एवं स्व सहायता समूह गठित करके हथियाया रेत खदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा ब्लॉक के ग्राम तेलगुड़ा में रेत खनन को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव में एक कथित महिला के नाम से फर्जी आधार कार्ड बनवाकर स्वसहायता समूह का गठन किया गया और उसी के माध्यम से रेत खदान का संचालन किया जा रहा है। मामले को लेकर गांव में आक्रोश का माहौल है और ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच व कड़ी कार्रवाई की मांग किया है। ग्राम की पूर्व सरपंच एवं भाजपा युवा मोर्चा की जिला अध्यक्ष रूखमणी उईके ने कहा कि संगीता पॉल तेलगुड़ा की निवासी नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बाहरी महिला द्वारा भोली-भाली महिलाओं को बहलाकर समूह बनाया गया और नियमों के विरुद्ध खनन कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आधार कार्ड को फर्जी बताते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच मांग किया गया। ग्रामीणों के अनुसार संगीता पॉल नाम की महिला, जो कथित रूप से गांव की निवासी नहीं हैं, उनके नाम से आधार कार्ड तैयार कराया गया है। आधार कार्ड में दर्ज वार्ड क्रमांक 15 और मकान नंबर 111 का पता गांव में मौजूद ही नहीं है। आरोप है कि इसी आधार पर महिला स्वसहायता समूह का गठन किया गया और संगीता पॉल स्वयं को समूह की अध्यक्ष घोषित कर दीं। रेत खदान संचालन की जिम्मेदारी उनके पति रंजीत पॉल को सौंपे जाने का भी आरोप है। ग्राम निवासी राजेंद्र प्रसाद और द्वारका राम नागवंशी ने भी आधार कार्ड व समूह गठन की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। द्वारका राम ने बताया कि उनकी पत्नी लक्ष्मी नागवंशी का नाम बिना अनुमति समूह में जोड़ दिया गया। विरोध करने पर कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी की गई।

**ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच व कड़ी कार्रवाई की मांग की**





**चारामा थाना में दर्ज कराई शिकायत**

ग्रामीणों ने कलेक्टर, जिला खनिज अधिकारी, पुलिस अधीक्षक और थाना चारामा में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अधिकारियों का कहना है कि मामला जांच का विषय है। ग्रामीणों की अब नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है कि आखिर इस पूरे प्रकरण में सच्चाई क्या सामने आती है।

## होली के पहले किसानों को मिली अंतर की राशि

# जिले के 92493 किसानों के खातों में 372 करोड़ रुपए की राशि अंतरित: विधायक आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत प्रदेश के 24 लाख 28 हजार किसानों के बैंक खातों में 10 हजार करोड़ रुपए की कृषि आदान सहायता राशि एकमुश्त अंतरित की गई। इसके तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान बेचने वाले कांकेर जिले के 92 हजार 493 किसानों के खातों में आज 372 करोड़ 67 लाख रुपए की राशि अंतरित की गई।

- खिले हुए नजर आए किसानों के चेहरे

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर के बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम रहंगी में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में दोपहर को रिमोट का बटन दबाकर प्रदेश भर के किसानों के खातों में योजनांतर्गत एक साथ राशि अंतरित की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों के लाभार्थी किसानों से वर्चुअल रूप से वार्तालाप भी किया। जिला स्तर पर उक्त समारोह का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र सिंगारभाट कांकेर के परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषकों की आय दुगनी करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के किसानपुत्र मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय किसान हित में लगातार चिंता और चिंतन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया ने प्रत्येक अन्नदाताओं की मेहनत को उनका वास्तविक सम्मान और हक कृषक उन्नति योजना के जरिए दिया है। किसानों को धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, उतेरा फसलों के अलावा पशुपालन, मुर्गीपालन, बकरीपालन जैसे व्यवसाय अपनाने की जरूरत है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके और वे आर्थिक रूप से समृद्ध व आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा तथा हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने भी किसानों को संबोधित करते हुए प्रदेश की संवेदनशील और किसान हितैषी सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत आज जिले के किसानों के खातों में अंतरित की गई राशि की बधाई देते हुए शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इस दौरान विधायक एवं अन्य मंचस्थ अतिथियों के द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर राशि का प्रमाण पत्र ग्राम कोकपुर के किसान प्रेमलाल जैन, बेवरती के पीलाराम नेताम, पोटगांव के मानेश कुल्हरिया सहित 10 किसानों को वितरित किया गया और साथ ही 15 किसानों को आदिवासी उप योजना अंतर्गत दलहनी फसलों को प्रोत्साहित करने मूंग बीज मिनी किट का वितरण किया गया।





**किसानों के बैंक खातों में जमा हुई एकमुश्त राशि**

उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान बेचने वाले जिले के 92 हजार 493 किसानों के बैंक खातों में कुल 372 करोड़ 67 लाख 20 हजार रूपए की राशि आज मुख्यमंत्री द्वारा अंतरित की गई। इन किसानों के द्वारा वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष में 50 लाख 98 हजार 696 क्विंटल धान बेचा गया था, जिनकी अंतर राशि 70 बैंक शाखाओं में किसानों के बैंक खातों में एकमुश्त जमा हुई।

इनमें मोहपुर के किसान सर्वश्री कृष्णा भास्कर, मंशाराम सलाम, मन्नूराम वट्टी, गणेशराम पोया, जैनराम मण्डावी, बाड़ाटोला से भुनेश्वर कुंजाम, जयसिंह सलाम, आनंद भाइदास, सियाराम नेताम, दिनेश्वर कुंजाम, बनऊराम मण्डावी, रामसिंग मण्डावी, चैतराम मण्डावी, इंदलराम और ग्राम टूराखार से शिवराम कोमरा शामिल थे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरूण कौशिक, जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, महेश जैन, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले सहित जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी, एसडीएम अरूण वर्मा के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण और काफी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

# स्कूल और मंदिरों में सेंधमारी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, बाइक एवं 1.17 लाख का माल जब्त



**दुधावाबासनवाही।** साइबर सेल की तकनीकी मदद से चौकी दुधावा पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। सारवंडी स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में हुई चोरी के मुख्य आरोपी अर्जुन मानिकपुरी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से न केवल स्कूल का चोरी गया सामान, बल्कि वारदात में इस्तेमाल की गई पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त किया गया है।

जानकारी के अनुसार लगभग चार माह पहले 10 और 11 नवंबर 2025 की दरमियानी रात सारवंडी के स्कूल में चोरी हुई थी। विद्यालय के स्टाप चंद्रशेखर साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया था कि अज्ञात चोरों ने सारवंडी हाई स्कूल का ताला तोड़कर स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उपयोग होने वाले साउंड सिस्टम और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया था। चोरों ने स्कूल की संपत्ति को निशाना बनाते हुए लगभग 17 हजार रूपएं का सामान पार कर दिया था। वारदात के बाद से ही मुख्य आरोपी 18 वर्षीय अर्जुन मानिकपुरी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। चौकी प्रभारी दुधावा निरीक्षक योगेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम और साइबर टीम कांकेर ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी का पीछा किया। आखिरकार 28 फरवरी को पुलिस ने दबिश देकर उसके घर आने की जानकारी मिलने पर घर से दबोचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया शत-प्रतिशत सामान बरामद कर लिया, जिसमें एक नग एम्पलीफायर, 2 नग यूनिट, 2 नग हैंड माइक, 1 नग इको सिस्टम, वायर बंडल, टेस्टर और पेचकस शामिल है।

**मुख्य आरोपी 5 नाबालिकों के साथ मिलकर करता था चोरी**

जांच के दौरान संदेह के आधार पर अर्जुन मानिकपुरी और 5 विधि संघर्षरत बालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी अर्जुन ने न केवल स्कूल में चोरी की बात कबूली, बल्कि अपने अन्य अपराधों का भी कच्चा चिट्ठा खोल दिया। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने प्रसिद्ध अंगारमोती मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी से नगदी चोरी की थी और आपस में बांट ली थी। यह गिरोह रात के अंधेरे में क्षेत्र के किसानों के कोठार से धान की बोरियां चोरी करता था और उन्हें बेचकर अपने निजी शौक पूरे करता था। आरोपी अर्जुन नाबालिगों के साथ मिलकर एक संगठित तरीके से छोटी-बड़ी चोरियों को अंजाम दे रहा था।

# पुरखौती जमीन बंटवारे पर विवाद के बाद चाचा-भतीजे के बीच मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कोयलीबेड़ा क्षेत्र में पुरखौती जमीन के बंटवारे को लेकर पारिवारिक विवाद इस कदर बढ़ गया कि रिश्तों की मर्यादा तार-तार हो गई। चाचा-भतीजे के बीच शुरू हुई कहासुनी ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया और मामला मारपीट व जान से मारने की धमकी तक पहुंच गया। घटना के बाद पीड़ित युवक ने कोयलीबेड़ा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम तुरसानी निवासी 29 वर्षीय रूपेश आंचला पिता स्व. मोती आंचला ने पुलिस को बताया कि 27 फरवरी को वह कोयलीबेड़ा बाजार से सामान खरीदकर शाम करीब 7 बजे अपने घर लौटा। इसके बाद वह अपनी पत्नी सुनीता आंचला के साथ पड़ोस में रहने वाले अपने चाचा पूरन सिंह आंचला के घर गया। रूपेश ने चाचा को बताया कि अगले दिन सुबह पटवारी गांव आकर पुरखौती जमीन के बंटवारे की प्रक्रिया शुरू करेंगे। इतना सुनते ही चाचा पूरन सिंह आंचला, उनके पुत्र ललित आंचला और पुनीत आंचला भड़क उठे। आरोप है कि तीनों ने रूपेश और उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौज की और जमीन का हिस्सा न देने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर हाथ-मुक्कों से मारपीट की गई। इस घटना में रूपेश के बाएं गाल, गर्दन के पीछे और पीठ में दर्द की शिकायत है, जबकि उसकी पत्नी के मुंह में चोट आई है।

शिकायत के आधार पर कोयलीबेड़ा पुलिस ने आरोपी पूरनसिंह आंचला, ललित आंचला और पुनीत आंचला के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### उपभोक्ता फोरम ने दुर्घटना बीमा की रकम देने का दिया फरमान, महिला को मिलेगी राहत

**कांकेर।** उपभोक्ता आयोग ने सड़क दुर्घटना के कारण विधवा हो चुकी महिला को दुर्घटना बीमा संबंधी इंसाफ दिलाया है और बीमा कंपनी को महिला को बीमा राशि देने का निर्णय सुनाया है।

जानकारी के अनुसार शिवनगर वार्ड कांकेर निवासी शशि कला पटेल पति स्व. दिल्लू प्रसाद पटेल द्वारा दुर्घटना बीमा दावा पेश किया गया था, जिसके अनुसार उनके पति की मृत्यु मोटरसाइकिल दुर्घटना में 23 दिसंबर 2024 को हो गई थी। व्यक्तिगत दुर्घटना के लिए 15 लख रुपएं का बीमा था और उनकी नामिनी तथा पत्नी को स्वाभाविक रूप से दावा राशि मिल जानी चाहिए थी, लेकिन बीमा कंपनी द्वारा आज तक दावे का निराकरण नहीं कर करते हुए विधवा महिला को परेशान किया जा रहा था, जिनकी आर्थिक और मानसिक स्थिति दयनीय हो चुकी थी। उपभोक्ता आयोग जिला कांकेर में दावा प्रस्तुत करने पर आयोग की अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजाता जसवाल तथा सदस्य डाकेश्वर सोनी की बेंच द्वारा 25 फरवरी को फैसले में इंसाफ किया गया और आदेश दिया गया कि बीमा कंपनी को 15 लाख रुपएं तथा वाद प्रस्तुति दिनांक से आज तक का ब्याज 6 प्रतिशत की दर से भुगतान करना होगा। एक माह में भुगतान नहीं करने की स्थिति में ब्याज की दर 9 प्रतिशत कर दी जाएगी। मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए 10 हजार रूपएं की राशि भी 1 माह के भीतर प्रदान करनी होगी। इसके अलावा परिवाद व्यय 3 हजार रूपएं भी परिवादी महिला शशिकला पटेल को प्रदान किया जाए।

- बीमा कंपनी को 15 लाख रुपये व ब्याज सहित भुगतान का आदेश

# डीजे ने किशोर न्याय बोर्ड और बालिका गृह का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार टामक द्वारा किशोर न्याय बोर्ड, कांकेर एवं बालिका गृह सिंगारभाट का निरीक्षण किया गया तथा वहां पर विधिक जा ग रू क ता शिविर का आयोजन किया गया।

- सिंगारभाट में किया गया विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

आयोजित शिविर में बच्चों को उनके अधिकार एवं कर्तव्य, न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया, संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के अधिकार, परामर्श एवं पुनर्वास की व्यवस्था, बाल संरक्षण तंत्र, बाल कल्याण समिति की भूमिका, स्वास्थ्य, स्वच्छता, मानसिक विकास, डिजिटल सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें गुड टच बैड टच, चाइल्ड लाइन 1098, शिक्षा का महत्व तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के बारे में समझाया गया। इसके अलावा बच्चों को 12 वीं के बाद उपलब्ध शैक्षणिक एवं कैरियर विकल्पों की जानकारी देते हुए नियमित रूप से समाचार पढ़ने के लिए भी प्रेरित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के विषय में जानकारी दी गई। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शांति प्रभु जैन तथा बालिका गृह के बालक-बालिकाएं एवं विधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



### मौत के बाद ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत नाथियानवागांव पेट्रोल पंप के पास 25 जनवरी को हुई सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 17 एलए 6606 के चालक द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाने से मृतक को गंभीर चोट आया व उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# होली पर्व को शांति पूर्वक मनाने को लेकर चारामा थाना में शांति समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

होली पर्व में शांति व्यवस्था को लेकर चारामा थाना में शांति समिति की बैठक हुई और बैठक में होली के पर्व को शांति तरीके से मनाने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि नगर के हर चौक चौराहो पर पुलिस उपस्थित रहेगी, ग्राम पंचायतो में पुलिस गस्त करती रहेगी, पुलिस की नजर वाहनों में तीन सवारी बैठकर घुमने वाले, शराब पीकर गाडी चलाने एवं जबरदस्ती रंग लगाने वालो, मुखौटा लगाने और नाबालिको के द्वारा सड़क पर वाहन चलाने, बोर्ड की परीक्षाओं को देखते हुए ध्वनि यंत्रों को पर प्रतिबंध रहेगा। नियमों के उल्लंघन पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। सभी धार्मिक भाईचारा के साथ शांति पूर्वक होली खेले। किसी भी वाद विवाद की स्थिति पैदा न होने दे एंव किसी विवाद की स्थिति पर तत्काल पुलिस को सूचना अवश्य दे। गांवों में मुनादी करने ग्राम के सरपंच एंव कोटवार ग्राम पंचायतो में शांति एंव सुरक्षा पर विशेष ध्यान दे।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में नायब तहसीलदार हेमलता सलाम, नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज, व्यापारी संघ के अध्यक्ष युगल खत्री, थाना एसआई राणेश सेठिया, अमृत देवांगन, सभी वार्ड पार्षद, भाजपा और कांग्रेस के प्रतिनिधि सहित नगरवासी एवं पत्रकार उपस्थित हुए।

